**खबर संक्षेप**

## मोहोड़ ने किया छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण



**सौंसर।** सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया मिली जानकारी के अनुसार हिवरा सेनाडवार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड की प्रमुख उपस्थिति में स्वेटर वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा एवं सरस्वती वंदना के साथ में किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुखता छिन्दवाड़ा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनंदा डोंगरे, रजत गौरे,भाजपा नेता जगदीश त्रिवेदी, प्रेमलाल चौधरी, अरविंद फोले, दिलीप डोंगरे,श्रीमती मीराबाई डोंगरे, सहादेव डिगरसे के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। आयोजन को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा की संपूर्ण मध्य प्रदेश के छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा, खेलकूद, भवन, गणवेश, किताबे, साइकिल लैपटॉप आदि की सुविधाये उपलब्ध की जा रही है। बच्चों ने भी स्कूल और शासन की ओर से मिलने वाली इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लेते हुए कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ सभी परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाकर परिवार समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए।

## पूर्व राज्यमंत्री नाना के प्रयासों से होगा मरीजों का उपचार

**सौंसर।** हाल ही में पांढुर्णा छिंदवाड़ा सांसद विवेक 'बंटी' साहू की अनुशंसा व पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ की पहल पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से स्वीकृत की गई है।सौसर भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आर्थिक तंगी से जूझ रहे गंभीर रोगियों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की गई है। सांसद विवेक 'बंटी' साहू की अनुशंसा तथा पूर्व मंत्री नानामोहोड़ की सक्रिय पहल पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से पाँच मरीजों के इलाज हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों का भविष्य दांव पर

# पांढुर्णा-छिंदवाड़ा में उच्च प्रभार प्राप्त करने शिक्षकों ने लगाई फर्जी अंकसूची!

### वेरिफिकेशन बिना 500 शिक्षकों को उच्च प्रभार, डीईओ की भूमिका संदेह के घेरे में



छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले में शिक्षा विभाग में एक बड़ा खुलासा सामने आया है जहां पर शिकायतकर्ता चंद्रशेखर इंगले ने जिला शिक्षा अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए महर्षि योगी वैदिक यूनिवर्सिटी की कथित अंकसूची के सहारे सैकड़ों शिक्षकों ने उच्च प्रभार प्राप्त कर लिया है। विशेष बात यह है कि सरकार द्वारा पूर्व में ही इस यूनिवर्सिटी की डिग्रियों को अवैध और अमान्य घोषित किया जा चुका था। फिर भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन न कर कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए है। किसी भी शिक्षक को उच्च प्रभार देने से पहले शैक्षणिक दस्तावेजों का अनिवार्य रूप से सत्यापन करना बहुत जरूरी है। मगर इस पूरी तरह से प्रक्रिया को नजर अंदाज किया गया है। शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों का भविष्य को दांव पर लगाते हुए किए गए इस लापरवाही पर जांच और कार्यवाही की मांग की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा (अजय तावरे)

शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिक्षा विभाग की लापरवाही से एक बार फिर प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बार बार बताने और चेताने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी की गंभीर लापरवाही को नजर अंदाज किया ही नहीं जा सकता, क्योंकि कमजोर नींव पर बच्चों के भविष्य की इमारत को खड़ा करना न केवल लापरवाही है बल्कि अपराध की श्रेणी में आता है। भले ही यह अपराध जाने अनजाने में हुआ हो। अगर 500 शिक्षक फर्जी डिग्री का इस्तेमाल करके उच्च पद प्राप्त करते है तो इससे ज्यादा शर्मनाक क्या ही हो सकता है कि बच्चों के भविष्य के साथ खेल रहे ये शिक्षक गलत तरीके से पदोन्नति प्राप्त कर शासन को तो चूना लगा ही रहे है वहीं बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। यह मामला न सिर्फ मानवता से जुड़ा है बल्कि देश के भविष्य बच्चों के मामले में कहीं न कहीं गंभीर लापरवाही का प्रतीक है। इस मामले में जागरूक तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले ने आरोप लगाया है कि पांच सौ से ज्यादा शिक्षक फर्जी डिग्रियों के माध्यम से पदोन्नति प्राप्त की है। जिला शिक्षा अधिकारी को बार बार बताने के बाद भी उन्होंने डिग्रियों का वेरिफिकेशन न कराते हुए सैकड़ों शिक्षकों को उच्च पदों का प्रभार सौंप दिया है। इसकी शिकायत विभिन्न स्तर पर की जा रही है। श्री इंगले ने बड़ा सवाल खड़ा करते हुए हरिभूमि को बताया कि महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय की अवैध डिग्रियों के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी पांढुर्ना द्वारा बिना किसी सत्यापन के सैकड़ों शिक्षकों को उच्च पदों का प्रभार दे दिया गया है। लगातार ध्यानाकर्षण के बावजूद वेरिफिकेशन न कराने से इनकी भूमिका पर गंभीर संदेह गहरा गया है।



तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संरक्षक चंद्रशेखर इंगले ने आरोप लगाया कि अवैध डिग्रियों वाले शिक्षकों को सहायक शिक्षक से उच्च श्रेणी शिक्षक, उच्च श्रेणी से प्रधानपाठक, प्रधानपाठक से लेक्चरर तथा वर्ग-3 से वर्ग-1 के पदों पर प्रभारी बनाकर पदस्थ किया गया है।

### जांच न कराने से बढ़ा डीईओ पर संदेह

इंगले के अनुसार जिला शिक्षाधिकारी को डिग्रियों का भौतिक सत्यापन कराना था, उनका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ध्यानाकर्षण किया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे इस पूरे फर्जीवाड़े में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता की आशंका और गहरा रही है। अवैध डिग्रियों वाले शिक्षकों को वरिष्ठ पदों का प्रभार देने से न केवल शासन को गुमराह किया जा रहा है बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। यह स्थिति "अंधेर नगरी चौपट राजा" की कहावत को चरितार्थ करती नजर आ रही है।



### हाईकोर्ट ने घोषित किया फर्जी विश्वविद्यालय

जबलपुर हाईकोर्ट और ग्वालियर खंडपीठ दोनों स्पष्ट कर चुके हैं कि महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय की डिग्रियां अवैध हैं। स्वयं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने 28 जुलाई 2025 को कहा था कि उक्त संस्थान के पास प्रवेश एवं परीक्षा केंद्रों की मंजूरी ही नहीं है।

### 500 से अधिक शिक्षकों ने ली है अवैध डिग्रियां

प्राप्त जानकारी के अनुसार पांढुर्ना-सौंसर क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में महर्षि योगी वैदिक विश्वविद्यालय की फ्रेंचाइजी के माध्यम से करीब 1000 लोगों को अवैध डिग्रियां जारी की गईं। इनमें से लगभग 500 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अतिरिक्त डिग्रियां (इंग्लिश/संस्कृत) इसी फर्जी विश्वविद्यालय से किया है। वहीं 10 वीं और 12वीं जैसी परीक्षाएं देने वाले 500 - 700 छात्र अलग से हैं। पांढुर्ना के परीक्षा केंद्र पर खुलेआम गाइड, किताबें तथा मोबाइल फोन से गूगल सर्च कर उत्तर लिखने जैसी सुविधाएं परीक्षार्थियों को उपलब्ध थीं।

## चालक अजरूद्दीन को किया गिरफ्तार

# राष्ट्रीय हिंदू सेना को चकमा देकर भागे गौवंश लदे कंटेनर को केलवद में बजरंग दल ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



कल देर रात पांढुर्ना में राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा रोकने की कोशिश के बाद भी चकमा देकर भाग रहे 50 गोवंश से लदे कंटेनर को सावनेर के पास केलवद में वहां के बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पकडा। उल्लेखनीय है कि सावनेर क्षेत्र के बजरंग दल कार्यकर्ताओं का स्थानीय राष्ट्रीय हिंदू सेना कार्यकर्ताओं द्वारा सूचना दी गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय हिंदू सेना की पांढुर्ना इकाई को सूचना मिली थी कि आर.जे. 14 जी.ई. 6623 नंबर वाले कंटेनर में गोवंश को लादकर महाराष्ट्र में कसाईखाने में ले जाया जा रहा है।

इसके बाद स्थानीय राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने सडक पर फिल्डिंग लगाई, लेकिन कंटेनर इन्हें चकमा देकर तेजी महाराष्ट्र की ओर निकल गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओं ने बडचीचोली सीमा तक कंटेनर का पीछा किया लेकिन कंटेनर हाथ नहीं आया। इसके बाद इन कार्यकर्ताओं ने सावनेर क्षेत्र में सक्रिय बजरंगदल कार्यकर्ताओं को मोबाइल पर भाग रहे कंटेनर की सूचना देकर उसे रोकने को कहा।

सावनेर क्षेत्र में केलवद के करीब बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी कर कंटेनर को रोका और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कंटेनर में अवैध रूप से ले जाए जा रहे 50 गोवंश पाए और चालक अजरूद्दीन को गिरफ्तार किया।

## कोटवार शारदा बानवंशी को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**जुन्नारदेव-:** ग्राम पंचायत बिलावरखुर्द द्वारा ग्राम पंचायत की सामान्य सभा बैठक अनुसार ग्राम कोटवार शारदा बानवंशी पति गुरूप्प्रसाद बानवंशी को सर्व सम्मति से हटाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया हैं। ग्रामसभा के प्रस्ताव अनुसार न्यायालय तहसीलदार जुन्नारदेव के राजस्व प्रकरण कमांक/0006/3-56/2025-26 पारित आदेश दिनांक 02/12/2025 के तहत श्रीमती शारदा बानवंशी पति गुरुप्रसाद बानवंशी निवासी बिलावरखुर्द प०ह०न० 50 मौजा ग्राम बिलावस्खुर्द को संशोधित नियम मध्यप्रदेश राजपत्र कमांक 45 भोपाल शुकवार दिनांक 06 नवंबर 2020 के तहत मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 की कंडिका 60 की उप कण्डिका (एक) एवं (दो) के तहत शासकीय कार्य के प्रति आचरण प्रतिकूल पाया गया। आवेदक सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत बिलावरखुर्द के प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर श्रीमति शारदा बानवंशी पत्ति गुरूप्रसाद बानवंशी निवासी बिलावरखुर्द को मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 की कंडिका 60 की उप कण्डिका (एक) एवं (दो) के तहत शासकीय कार्य के प्रति आचरण प्रतिकूल पाये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किये जाने का आदेश पारित किया जाता हैं।श्यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## मरीज को मिली 30 हजार की सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर सौंसर के ग्राम हरनबैरडी निवासी श्रीमती ईन्दू पति अरुण धुर्वे को इलाज के लिए 30 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीज के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए श्रीमती इंदु धुर्वे के इलाज के लिए सहायता राशि दिलाने की मांग की थी। जिस पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर श्रीमती इंदु धुर्वे को इलाज के लिए सहायता राशि दिए जाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान निधि से श्रीमती इंदु धुर्वे को 30 हजार की सहायता राशि स्वीकृत कर दी है। सहायता राशि मिलने पर मरीज एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी मॉडल पर विकास की संभावनाएँ तलाशने के दिए निर्देश

### नगर निगम छिंदवाड़ा की समीक्षा बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में आज नगर निगम छिंदवाड़ा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (एमआईजी श्रेणी) के अंतर्गत परतला परियोजना से जुड़े 23 आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री सी.पी. राय ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के इस घटक को संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल द्वारा डी-स्कोप कर दिया गया है। साथ ही संबंधित हितग्राहियों की जमा राशि तीन माह के भीतर वापस करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को स्पष्ट एवं शीघ्र जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जाए, ताकि राशि वापसी की प्रक्रिया में कोई विलंब न हो। उन्होंने यह भी कहा कि परतला क्षेत्र को स्मार्ट सिटी मॉडल पर विकसित करने की संभावनाओं का विस्तृत अध्ययन कर प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास नए स्वरूप में हो सके। बैठक में नगर निगम को आवंटित की जाने वाली भूमि से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री नारायन ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संबंधित शाखा प्रभारी को सतत समन्वय बनाकर वास्तविक स्थिति के अनुरूप कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अमृत 2.0 के अंतर्गत जलप्रदाय एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने इन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश देते हुए नागरिक सुविधाओं में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

# डीईओ ने किया छात्रावासों का निरीक्षण, विद्यार्थियों और स्टाफ से हुए रूबरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा आज जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के विभिन्न विद्यालयों एवं बालक-बालिका छात्रावासों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में विद्यालय परिसर व कक्षाओं की साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाई गई। साथ ही शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से डेली डायरी नहीं लिखे जाने, शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों की कॉपियां नियमित रूप से चेक न करने, विद्यार्थियों की कम उपस्थिति तथा प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पोकेट डायरी का वितरण न किए जाने पर प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोघरी एवं मॉडल विद्यालय अमरवाड़ा में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर संतोषजनक पाया गया। विद्यार्थियों को वन लाइनर एवं विगत पाँच वर्षों के सॉल्व्ड प्रश्नपत्रों का वितरण सभी कक्षाओं में किया गया था तथा विद्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई भी मिली।

# पीएमएफएमई योजना से एवरी डे बेकरी की मालिक बनी रेखा साहू

### हर माह प्राप्त कर रही हैं 1 से 1.25 लाख की शुद्ध आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



केंद्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को नए आयाम दिए हैं। शासन की दूरदर्शी नीतियों, पारदर्शिता व सतत प्रोत्साहन के कारण छोटे उद्योगों में आत्मनिर्भरता की लहर तेज़ी से आगे बढ़ रही है। ग्रामीण उद्यमियों के लिए यह योजना न केवल तकनीकी और वित्तीय सहयोग लेकर आई है, बल्कि स्थायी आजीविका के अवसर भी सृजित कर रही है।

इसी सफलता की मिसाल हैं छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के ग्राम सुकरी की उद्यमी श्रीमती रेखा पति श्री सतीश साहू, जो कुछ वर्ष पहले तक गांव के एक परिवार की साधारण गृहिणी थीं, लेकिन शासन की योजनाओं और अपनी प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने उद्यमिता की नई राह गढ़ दी। आज उनकी एवरी डे बेकरी जिले में प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत बेकरी उत्पादन इकाई के लिए उन्हें 25.48 लाख रुपये की परियोजना लागत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जुन्नारदेव द्वारा स्वीकृत की गई। जिसमें योजना के प्रावधान अनुसार 9.90 लाख रुपये का अनुदान भी स्वीकृत हुआ, जिसने इस उद्यम की आधारशिला को और मजबूत किया।

श्रीमती रेखा की एवरी डे बेकरी में ब्रेड, पाव, टोस्ट, डोनट, क्रीम रोल एवं विभिन्न प्रकार की कुकीज़ जैसे लोकप्रिय उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है। इकाई का कुल मासिक उत्पादन 9.50 लाख रुपये तक पहुँच रहा है, जिसमें 8.45 लाख रुपये का व्यय होने के पश्चात 1.00 से 1.25 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इस आय ने श्रीमती रेखा के परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बेकरी से ना केवल श्रीमती रेखा एक सफल महिला उद्यमी बनकर उभरी हैं, बल्कि उन्होंने लगभग 25 लोगों को रोजगार भी दिया और इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आजीविका का अवसर भी मिला है।

## छिंदवाड़ा के स्वास्थ्य कर्मियों ने संवेदनशील, सतत समर्पित और संयुक्त प्रयासों से बचाई माता और नवजात की जान

# गंभीर हालातों में भी स्वास्थ्य की टीम ने कराया सुरक्षित और नॉर्मल प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कठिन परिस्थितियों में भी जनसामान्य को सुरक्षित रखने की दिशा में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ लगातार मजबूत होती जा रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर जिला मुख्यालय तक, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और प्रशिक्षित मानव संसाधन का उद्देश्य यही है कि हर गंभीर रोगी को समय पर वह उपचार मिले, जो उसके जीवन के लिए निर्णायक हो।

इसी व्यवस्था के चलते कई बार ऐसे क्षण आते हैं, जब चुनौती अत्यंत बड़ी होती है, लेकिन समर्पित स्वास्थ्यकर्मी उसे अपनी सेवा, दक्षता और सामूहिक प्रयासों से संभाल लेते हैं। हाल ही में जिले में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसने स्वास्थ्य तंत्र की संवेदनशीलता, तत्परता और मजबूत समन्वय को एक बार फिर प्रमाणित किया। 29 सितंबर 2025 को विकासखण्ड परासिया के ग्राम तीतरा की गर्भवती महिला श्रीमती शिवांगी पति आकाश कुशवाहा को अत्यंत गंभीर स्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परासिया से जिला अस्पताल छिंदवाड़ा लाया गया। जाँच में उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 1.9 g/dl तथा प्लेटलेट काउंट केवल 20,000 पाया गया, जो माँ और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए जीवन-घातक था। जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता पहचानकर उपचार प्रारंभ किया तथा रक्त चढ़ाने सहित सभी आवश्यक परीक्षण करवाए। प्राथमिक स्थिरीकरण के बाद महिला को उच्च स्तरीय उपचार के लिए 4 अक्टूबर को नागपुर भेजा गया, किन्तु वहाँ जाँच पूर्ण होने से पहले वापस लौटने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई।

दूसरी बार रेफरल पर रात्रि में भी अधिकारियों की सक्रियता- 13 अक्टूबर को मरीज की स्थिति बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परासिया टीम ने पुनः जिला अस्पताल रेफर किया। इस बार भर्ती प्रक्रिया, गम्भीरता को देखते हुए देर रात तक सीएमएचओ डॉ. नरेश गोन्नाडे, डीएचओ-1 डॉ. धीरज दावंडे सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कराई गई। महिला को वार्ड में भर्ती कर निरंतर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई, जिससे उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके। आईसीयू में एक माह तक लगातार उपचार व निगरानी- 24 अक्टूबर को स्वास्थ्य स्थिति और खराब होने पर महिला को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। भर्ती होने पर उनका डेंगु पॉजिटिव पाया गया, जिसके बाद आईसीयू टीम ने सीवियर डेंगु प्रोटोकॉल के अनुसार उपचार शुरू किया।

## निमनी में हुई खैरी कुनबी समाज की जिला स्तरीय बैठक

**सौंसर।** बुधवार को खैरी कुनबी समाज संगठन जिला छिंदवाड़ा पांढुरना कि महत्वपूर्ण बैठक ग्राम निमनी समाज संगठन भवन में जिला,ब्लॉक, क्षेत्र, ग्राम के सभी पदाधिकारियों के उपस्थिति में संगठनात्मक कार्य प्रणाली विस्तार को लेकर पदाधिकारियों ने अपने विचार सुझाव व्यक्त किए।साथ ही नए गठन संगठन, युवा कार्यकारणी, महिला कार्यकारणी,जनगणना को लेकर प्रस्ताव लिए गए एवं समाज सुधार, वेसन मुक्ति, सम्मेलन, ऐसे अन्य विषयों को लेकर बैठक में चर्चा की गई है।बैठक की अध्यक्षता नत्थूजी भोयर की प्रमुख उपस्थिती में हुई है। जिला अध्यक्ष नारायण ढकने, उमजी पोपटे, हरिचंद्र बोडे, बालाजी भोयर,धनराजजी वाठ, मारोतीराव खेकड़े, रामरावजी पोपटे, रामाकृष्णजी पाल, रामाजी कोड़ेकर,भगवान चौधरी, मुरलीधर भोयर, चिंदेशजी सहस्त्रबुद्धे, राजा बोडेजी, नामदेव पाल,टीकाराम बड़ोले, पंढरी बड़ोले, मारोती चौधरी, आदि उपस्थित थे।

## एग्रीकल्चर ट्रेड का छात्र छात्राओं ने किया भ्रमण

**सौंसर।** बुधवार को नवीन व्यावसायिक अंतर्गत संचालित ट्रेड एग्रीकल्चर की कक्षा 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को द्वितीय औद्योगिक भ्रमण के लिए संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा तथा उप -प्राचार्य संजय गवनेकर के दिशा निर्देश पर सौसर तहसील की यूनिवर्सिटी साईंखेड़ा का भ्रमण कराया गया, जिसमें यूनिवर्सिटी में कक्षा 12वीं के छात्र- छात्राओं को एग्रीकल्चर के क्षेत्र में कैरियर गाइडेंस से संबंधित जानकारी दी गई तथा संस्था में कृषि संकाय से संबंधित क्षेत्र एग्रीकल्चर फील्ड,नेट हाउस, पॉलीहाउस, एनिमल हसबेंडरी, हॉर्टिकल्चर फ्रूट साइंस, एग्रीकल्चर लैब इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संस्था उपप्राचार्य श्री गवनेकर ने बताया कि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास को इस उद्देश्य को लेकर निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कैरियर गाइडेंस एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

**जाखीवाड़ा में सफल आयोजन**

पांढुर्णा। कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्राम जाखीवाड़ा, ग्राम पंचायत धोतकी में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य किया गया।

MAIL-tahreychordw@mp.gov.in
PHONE-07166-222057

**कार्यालय तहसीलदार चौरई, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

आम- इश्तहार

रा.प्र.क्र. 0119/अ-27/2025-26
पेशी दिनांक 17/12/2025

एतद् द्वारा सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलू पिता पचकोडी जाति चमार निवासी ग्राम मरकाहांडी द्वारा ग्राम मरकाहांडी रा.नि.मं. चौरई-1 तहसील चौरई जिला छिन्दवाड़ा स्थित भूमि ख.न. 377/1/1/1 रकबा 0.220 हे. भूमि का बंटवारा किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10/12/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी और प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी । गया। इश्तहार आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव पद मुद्रा से जारी किया।

जारी दिनांक 01/12/2025 तहसीलदार
पेशी दिनांक 17/12/2025 चौरई

## अंडर 17 वर्ग में सतपुड़ा तो ओपन वर्ग में राज 11 बिछुआ ने जीते फाइनल मुकाबले

# सांसद खेल महोत्सव मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत बुधवार को क्रिकेट का फाइनल मुकाबला खेला गया,मैच का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन कर एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। दिन के पहले फाइनल मुकाबले में अंडर 17 वर्ग में उच्चतर माध्यमिक बालक बिछुआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाएं,ज़बाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए सतपुड़ा शारदा विद्यालय बिछुआ ने लक्ष्य को 9.2 ओवरों में पूरा किया एवं फाइनल मुकाबला जीता।

इसके बाद ओपन वर्ग फाइनल मुकाबले में राज 11 बिछुआ ने टॉस जीता एवं पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया जहां निर्धारित दस ओवरों में 9 विकेट खोकर 130 रन बनाएं ज़बाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए करेल की टीम मात्र 66 रन ही बना पाई।बिछुआ के दशहरा मैदान में खेले गए क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में व इनाम वितरण कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम को संबोधित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े द्वारा सांसद खेल महोत्सव में आए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी को धन्यवाद प्रेषित किया। इसके अलावा सांसद खेल महोत्सव में । बॉलीबॉल,कबड्डी,खो खो,बैडमिंटन,कराते,शतरंज, कैर म सहित अन्य खेलो में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे,पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,भाजपा मंडल अध्यक्ष बिछुआ शैलेश चोपड़े,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,एसडीएम प्रभात मिश्रा,तहसीलदार अमित सर,महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल,रघुराज पटेल,मारुति कोचे,बलवीर डेहरिया,कॉलेज प्राचार्य,आर पी यादव,बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा, बीआरसी दिनेश डिगरसे,बीएमओ नीलेश सिद्धाम,सीएमओ आशीष मरावी,पार्षद अनिल कुर्मी,बबलू आरगुड़े,श्रीमती झीठो बाई,बिंदु मालवीय,बबीता गाकरें,लक्ष्मी मिनोते,जूनिता कथूरिया,महेंद्र वर्मा,रामराज वर्मा,बलदेव बोबडे, भोजेलाल वर्मा,राजेश रघुवंशी,घनश्याम पवार,हिम्मत राम सोनी,हरिश्चंद्र जंबोलकर,रामदयाल मिनोते,दिमागचंद मालवीय,संदीप भट्ट,सोनू नागरे,नीलेश चोपड़े,रजत वानखेड़े,प्रहलाद साहू,प्रमोद श्रीवास,संतोष भलावी,सचिन कड़वे,मोनू पवार,राजू साहू,मिथुन कटारे,योगेश साहू,शुभम साहू,उमेश कुरोठे,रामचरण दोहरे,सनी शिवहरे,रतिलाल बेटेकर,शिवराज चौरे,साहेब राव गाकरे,जितेंद्र मरकाम,पंकज साहू,देवचंद पराड़कर,सोहन वर्मा,पत्रकार हेमराज मांडेकर,असलम खान,मनोज साहू,राकेश चौरे,छोटू पवार,अज्जू श्रीवास,मोहित मालवीय,आदि पवार,एवं दया ऊईके एवं विनोद मर्सकोले ने मैच के दौरान शानदार कमेंट्री की,खेल विभाग से संजीव गौतम,चंद्रभान नागरे,प्रकाश डहरिया,सुनील बिलखरे,सुधीर गौतम,लक्ष्मी डेहरिया,कैलाश यादव,धनराज इनवाती ,मुकेश कोचे,अरविंद पटेल,कुमारी वर्षा, समेत सभी स्कूल के प्राचार्य गण,खेल प्रेमी खिलाड़ी बंधु सहित दर्शकगण उपस्थित रहे।

## दमुआ कॉलेज में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना (**NSS**) एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व मानवाधिकार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने की,संयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी सुषमा टांडेकर एवं दिनेश इवनाती द्वारा निभाई गई।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों और **NSS** स्वयंसेवकों द्वारा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता संदेश देने हेतु "मानव श्रृंखला" (**Human Chain**) का निर्माण किया गया। मानव श्रृंखला के माध्यम से सभी ने एक स्वर में मानवाधिकारों की रक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के संकल्प को दोहराया।सत्र में मानवाधिकारों के विभिन्न पहलुओं, संवैधानिक प्रावधानों, तथा समाज में उनकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि मानवाधिकार हर व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता की आधारशिला हैं और युवाओं को इनके संरक्षण में आगे आना चाहिए।कार्यक्रम में विद्यार्थी, **NSS** स्वयंसेवक, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने सभी को मानवाधिकारों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया।

## मानव अधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



**छिंदवाड़ा।** भारत बताता हे की अधिकार तभी बलते है जब वे कर्तव्य नेतिकता ओर विश्व बंधुत्व से जुड़े हो, हर व्यक्ति के हित सम्मान ओर स्वतंत्रता की रक्षा करे,यही आगे चलकर मानवाधिकार का मूल आधार बनती है। इस विषय की जानकारी देने के लिए माननीय सुशांत हुद्दार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण , के निर्देशन में दिनांक 10 दिसंबर 2025 को स्थानीय शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एस ए एफ मे मानव अधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह , विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव की उपस्थिति मे मनाया गया। इस अवसर पर राकेश सिंह ने बताया की इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम मानवाधिकार हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताये पर अपने विचार रखते हुये बताया की क्यो हम जोर देते हे समानता ,न्याय, स्वतंत्रता, जेसे मानवाधिकार हमारे जीवन के लिए कितना अनिवार्य थे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार के आदर्श एक दूसरे के पूरक हे,जो मानव समाज को शांति, समानता ओर मानवीयता को अग्रसर करते है। श्यामल राव ने कहा की मानव के अधिकारो को सुरक्षित रखने के लिए संविधान मे मूल अधिकार हमे दिये गये हे ओर साथ मे कर्तव्यो का पालन करने फर भी जोर दिया गया है यह बात हमे नही भूलना चाहिए।

## कॉलेज चलो अभियान दल लगातार पहुंच रहा विकासखंड के विद्यालय

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के निर्देशन में शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव का कॉलेज चलो अभियान दल लगातार विकासखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का भ्रमण कर रहा है इस दौरान भ्रमण दल द्वारा विद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज में प्राप्त होने वाली शासन की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता में किस तरह सुधार किया जा रहे हैं और किस प्रकार रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को पढ़ाई जा रहे हैं इसकी भी जानकारी दी जा रही है। सोमवार से यह दल निरंतर विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूलों का निर्माण कर रहा है सोमवार को दल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुर्रीकला पहुंचा था, मंगलवार को नगर के पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं अल्पवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भ्रमण किया गया। बुधवार 10 अक्टूबर को दल सदस्यों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोरावाड़ी का निरीक्षण किया।उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

# खाकरा चौरई के बच्चों ने दो गोल्ड, एक सिल्वर मेडल पर किया कब्ज़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी में आज खकरा चौरई के बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया दिनांक 6 से 7 सितंबर को एमपी कॉलेज पीजी चित्तौड़गढ़ में नौवी नेशनल हैपकिडो चैंपियनशिप का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता हैपकिडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित हुई। जिसमें 17 राज्यों के 500 से भी अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्व भाग लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए। छिंदवाड़ा जिले हेपकिड़ो संघ के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल पर कब्ज़ा कर अपना नाम रोशन किया।मेडलिस्ट खिलाड़ी में रूपाली वनवारी 18 वर्ष ने 42 किलो केयोजी फाईट में सिल्वर मेडल एवं होसिनशूल सेल्फ डिफेंस में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 7 वर्ष के आर्यन कहार पिता राजेंद्र कहार ने 19 किलो के किकिंग फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इनके कोच विश्राम रसेले के द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया जिन्होंने आज अपना नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गो में कुल पांच इवेंट संपन्न हुए। जिसके चलते आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी के प्रांगण में दोनो बच्चो को शील्ड और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया और विद्यालय के बच्चों को खेल के प्रति जागरूक कर इन बच्चों की तरह नाम रोशन कर अपने भविष्य को उज्जवल करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर सिंगोड़ी सरपंच कपिल ठाकुर, खकरा चौरई विजय पटेल , सिंगोड़ी पुलिस राजकुमार सनोडीया, राजेश कहार,प्राचार्य संजय सिन्हा ,शिक्षक नरेश साहू , डॉक्टर विश्राम रसेले ,सुदीप जैन ,सुधीर जैन,श्रीकांत नागवंशी मोजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने किया आदिवासी संग्रहालय का भ्रमण



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर वरिष्ठ समाज सेवी दीपक राज जैन के कुशल मार्गदर्शन में सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किन्थ की पहल पर एवं आधार फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती सरिता पांडे के सानिध्य में आधार फाउंडेशन के सभी दिव्यांग बच्चों ने बादल भोई राज्य आदिवासी संग्रहाल एवं स्वतंत्रता संग्राम म्यूजियम का भ्रमण किया ओर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन सहित आदिवासी संस्कृति को निकटता से जाना।इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों के साथ विशेष शिक्षिकाओं ने एक शाम भारत माता के नाम का आयोजन कर देश भक्ति के गीतों पर नृत्यगान किया एवं राम आयेंगे के सुमधुर सुंदर गान पर नृत्यगान कर भारत माता की जय घोष के साथ वंदे मातरम् का घोष कर आनंद उत्सव मनाया।म्यूजियम भ्रमण के बाद सभी दिव्यांग बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और दिल खोल कर मस्ती कर आज के दिन को यादगार बना दिया।आदिवासी संग्रहालय की सुंदर एवं मनभावन व्यवस्था के लिए ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने ट्राइबल विभाग के सभी आधिकारियों सहित स्टाफ का आभार माना ओर जिले वासियों से म्यूजियम का भ्रमण करने की अपील की।सुंदर भ्रमण कार्यक्रम दिव्यांग बच्चों के लिए यादगार पल बन गया जिसमें दीपक राज जैन, महेश किन्थ, सरिता पांडे के साथ वॉक चिकित्सक, विशेष शिक्षक एवं पार्किंसंस डिजीज एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसायटी मुंबई की सामाजिक कार्यकर्ता भूमेश्वरी धुवारे, विशेष शिक्षक बिंदु याढव, सुमित्रा पवार, सरला पवार, खेल शिक्षक ममता कुमरे, सहायक शिक्षक मीना सरयाम, सोनाली पवार, ज्योति चौकसे, रीना सरयाम, निकिता धुर्वे सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चों ने म्यूजियम का भ्रमण 3 घंटे आदिवासी संस्कृति को जाना।

## अंजुमन सदर का चुनाव टाई, सेक्रेटरी निर्विरोध

**इकलेहरा / परासिया :** सप्ताह भर की चयन प्रक्रिया के बाद अंजुमन इस्लाहुल कमेटी इकलेहरा में चुनाव संपन्न हुआ। जिसके परिणाम स्वरुप सामने आया , कि यहां सदर का चुनाव टाई हो गया , वहीं सेक्रेटरी को निर्विरोध चुना गया। बता दें कि नवंबर 20 को हुई अंजुमन कमेटी की बैठक में सदर , सेक्रेटरी और खजांची पद के लिए चुनाव कराना तय हुआ था। जिसके बाद एक चुनाव कमेटी बनाई गई और 1 दिसंबर से चुनाव प्रक्रिया शुरू हुई। सदर पद के लिए शादाब भाई और इक़बाल भाई के बीच चुनाव हुआ। दोनों को बराबर वोट मिलने से नतीजा टाई हो गया। सेक्रेटरी के लिए समीर अहमद को निर्विरोध चुना गया। खजांची के लिए मोहमद अता और बलदार के बीच चुनाव हुआ जिसमें लोगों ने मोहमद अता को खजांची चुना। सदर के लिए अगले जुमे (शुक्रवार) को कमेटी के द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक जरूरत चीजों की ना हो कमी, अधिकारी रखे ध्यान-विवेक पटेल

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली का विधायक पटेल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बुधवार को रामपायली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल चाल जाना और उनसे परेशानी पूछी। जिसके बाद उन्होंने बीएमओ सत्यम शर्मा को निर्देशित किया कि भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, अस्पताल के चारों ओर साफ सफाई रखे, जिससे जीव जन्तु अस्पताल के अंदर प्रवेश ना करे, इसका विशेष ध्यान रखे। विधायक विक्की पटेल ने अस्पताल में कुछ कमियाँ देख कर बीएमओ को उन कमियों को दूर करने निर्देशित किया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य जगदीश बंसोड, सरपंच संदीप बाघमारे, थाना प्रभारी दिलीप मौर्य, अनिल पिपरेवार, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राजकुमार चौधरी, अनिल गौतम, मधुकर गौतम, भावलाल शनिचरे सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### स्टाप नर्स ने अस्पताल में जल्द गार्ड दिलवाने विधायक से मांग की

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी में मौजूद स्टाफ नर्स ने विधायक श्री पटेल को बताया की रात्रि के समय जो भी मरीज इलाज करवाने आता हैं, उनके साथ शराब के नशे में आने वाले अन्य लोग अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। कई बार उनसे वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और हमें डराया चमकाया जाता हैं। उन्होंने जल्द से जल्द यहां रात्रि के समय एक सुरक्षा गार्ड तैनात करने की मांग की।

### अस्पताल में पाई कुछ कमियाँ सुधारने के दिए निर्देश-विवेक पटेल

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किसी को भी कोई परेशानी ना हो, इसलिए मेरे द्वारा समय-समय पर शासकीय अस्पताल पहुँच कर निरीक्षण किया जाता हैं। बीएमओ सत्यम शर्मा के साथ रामपायली स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने रात के समय गार्ड नहीं होना, दवाईयों की कमी, शौचालय सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया हैं। मेरे द्वारा अधिकारी को कह दिया हैं कि मैं फिर निरीक्षण करुंगा, अगर कुछ कमियाँ पाई गई, तो जिम्मेदार लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी।

## ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने व सडक़ बनाने की प्रशासन से की मांग

# वारा के शिवधाम में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## 7 दिनों में समस्या निवारण पर चका जाम किया समाप्त



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नंबर 20 शिवधाम मोहल्ला से वाराटोला मार्ग पर ग्रामीणों द्वारा तेज गति से गुजरने वाले वाहनों और जर्जर हो चुकी सडक़ को लेकर चका जाम, धरना प्रदर्शन कर दिया गया। जिसके कारण लगभग 2 घंटे तक इस मार्ग पर यातायात बाधित हुआ। धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार व पुलिस अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों से चर्चा की। जिस पर ग्रामीणों ने एक सप्ताह के अंदर सडक़ का निर्माण करवाने के आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

**ओवर ब्रिज निर्माण के लिए किया गया है मार्ग परिवर्तित:** विदित हो कि वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर ग्राम वारा में रेल्वे क्रासिंग के ऊपर से बन रहे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए एसडीएम वारासिवनी कार्तिकेय जायसवाल द्वारा 31 दिसम्बर 25 तक के लिए मार्ग को पूर्ण रुप से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया हैं। वहीं वैकल्पिक मार्ग के रुप में शिवधाम मोहल्ला, गायत्री मंदिर के सामने से और नेवरगॉव से होकर वाहनों के आने जाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन शिवधाम मोहल्ले से होकर गुजरने वाली सडक़ बेहद छोटी है और वहाँ से लगातार भारी वाहनों के आने-जाने से सडक़ पूरी तरह से उखड़ गई है। जिसके कारण सडक़ के आजू बाजू रहने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अतिक्रमण हटाओ कार्यवाही रही अधूरी:** यहीं नहीं सडक़ के मार्ग के दोनों ओर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण भी कर लिया गया है। जिसे दो दिन पूर्व सरपंच ने एसडीएम के निर्देश पर हटाने की कार्यवाही की थी। लेकिन पूरा अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है। जिसके कारण वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही है और बार-बार जाम की स्थिति बन रही है।

**मिक्चर मशीन, लकड़ी के गट्ठे व अन्य सामान सडक़ पर रख किया चका जाम:** इन सब बातों से परेशान ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे से पटले किराना दुकान के पास मिक्चर मशीन, लकड़ी के लठ्ठे, मोटर साईकिल सहित अन्य सामान रखकर वाहनों के आवागमन को पूर्णतः बंद कर दिया। जिससे सडक़ पर दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और जाम लग गया।

इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ पूरे मार्ग का निरीक्षण किया। उसके बाद एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने मोबाईल पर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन को समस्या के निराकरण के लिए 7 दिन का समय दिया और 7 दिन में समस्या का समाधान होने का आश्वासन मिलने के बाद चका जाम समाप्त किया। इसके बाद शाम के समय एसडीएम द्वारा भी शिवधाम मोहल्ला पहुँच कर सडक़ का निरीक्षण किया गया।

## खबर प्रकाशन के बाद जागा प्रशासन, निरीक्षण कर सर्वेयर को दी हिदायत

# सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में किसानों से खुली लूट का मामला

## क्वालिटी चैक के नाम पर सर्वेयरों पर लगा राशि मांगने का लगा था आरोप


हरिभूमि
क्वालिटी चैक के नाम पर सर्वेयरों पर लगा राशि मांगने का आरोप
सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में किसानों से खुली लूट



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** क्वालिटी चैक के नाम पर सर्वेयरों द्वारा किसानों से राशि मांगने के आरोप लगने के बाद इस संबंध में विभिन्न समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों में खबरों का प्रकाशन किया गया था जिसको तुरंत संज्ञान में लेते हुए एसडीएम कमलचंद ङ्कूषसहसार के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय बारस्कर द्वारा लांजी क्षेत्र के पालडोंगरी कैप का निरीक्षण किया और सर्वेयरों को नियमानुसार धान खरीदी केंद्रो में कार्य करने के निर्देश दिये गये। साथ ही खरीदी प्रभारियों को किसानों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करने के लिये कहा गया। उल्लेखनीय है की पालडोंगरी कैप में स्थित कुम्हारी खुर्द सोसायटी के सर्वेयर द्वारा क्वालिटी चैक के नाम पर किसानों से राशि मांगने का आरोप किसानों द्वारा लगाया गया था जिसके संबंध में समाचार पत्रों में समाचार का प्रकाशन किया गया था। इस मामले में जनपद पंचायत लांजी के स्थाई कृषि समिति सभापति टूमन घोरमारे ने भी किसानों की समस्याओं पर प्रशासन से संज्ञान लेने का आग्रह किया था उन्होने कहा था की सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में किसानों से पूरी तरह से सरकारी कर्मचारियों द्वारा छल कपट किया जा रहा है। यहां हर कार्य में अव्यवस्थाएं है, सर्वेयरों द्वारा किसानों से क्वालिटी चैक के नाम पर राशि मांगना भी काफी शर्मनाक है। सेवा सहकारी समिति पालडोंगरी में व्याप्त समस्याओं को एसडीएम एवं कलेक्टर महोदय को तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही करना चाहिए। जिस पर 10 दिसंबर को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार संजय बारस्कर ने खरीदी केंद्र पहुचंकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## मिरगपुर पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियो को निशुल्क चश्मे किए वितरण

# मिरगपुर शास. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** शासकीय प्राथमिक आरोग्य केंद्र मिरगपुर में 10 दिसंबर बुधवार को खंड चिकित्सक अधिकारी डा.खिलेंद्र पाल (बीएमओ ) के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर के अध्ययनरत छात्र छात्राओ को निशुल्क शासन की ओर से चश्मे वितरण किए गए। बताया गया की पूर्व में शिविर लगाकर स्कूल के बच्चो के आंखो की जांच कर चश्मे बनाने के लिए नबंर दिए किए गए थे। उन्ही चयनित विधार्थी को चश्मे प्रदान किए गए। चश्मे पा कर बच्चो के द्वारा खुशी जाहिर की गई। तथा अस्पताल में आयोजित शिविर में 65 आंखो के मरीजो ने ओपीडी में अपना पंजीयन कर नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस.बिसेन से अपना उपचार किया। जिसमें चयनित 39 नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए बस से देव जी नेत्रालय जबलपुर रवाना किया गया। अस्पताल सुपरवाइजर नोरेद्र देशमुख ने बताया की शिविर में आंखो के मरीजो का जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया गया चयनित नेत्र रोगीयो को आपरेशन के जबलपुर रवाना किया। उन्होंनो बताया की आगामी 17 दिसंबर को पुन निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन शासकीय अस्पताल खैरलांज में किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके , डा.टी.एस. बिसेन ,प्राचार्य एस आर.बिसेन ,सुपरवाइजर नोरेद्र देशमुख, अनिल भौरजार, के. बिरनवार, सुनीता शिवहरे, राजेश्वरी बघेल , अध्यापक सरोज ठाकरे , उपवंशी मैडम सहित अन्य शिक्षकगण एंव स्वास्थ विभाग का अमला मौजूद रहा।

# शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पन्न

## 23 यूनिट रक्त का किया गया संग्रहण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन तथा मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के पत्र एवं निर्देशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी व ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन तथा कृष्णा पराते कार्यक्रम प्रभारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें 23 यूनिट रक्त का दान किया गया।

रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं में शामिल मोहनीष इड़पाचे, कृष्णा पराते, डॉ0 संतोष बिसेन, संतोष गोखले, आदर्श चौरे, दीपेश उन्दीरवाड़े, प्रज्ञास उके, समृद्धि मिश्रा, मौसम ठाकरे, आलोक राउत, विवेक मेश्राम, वरूण झारिया, जय हेड़ाऊ, आदेश गेड़ाम, पुनित दोनेकर, खेमेन्द्र चौधरी, प्रफुल्ल गोटेकर, झामेश्वर डहारे, सिद्धार्थ उइके, अनन्त डेकाटे, दीपक बांगरे, सुजल मेश्राम, राज गौतम रहे, जिनका रक्तदान में अमूल्य योगदान रहा।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. गेडाम द्वारा बताया गया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसने लाखो रोगियों के जीवन को बचाने और बदलने में मदद की है। रक्त का दान सबसे कीमती चीज हैं, जो आप किसी अन्य इंसान को दे सकते है। रक्तदान करने से कई मनोवैज्ञानिक स्वास्थय लाभ के साथ आपका रक्त कई लोगों की जान बचा सकता है और उन्हें बेहतर बना सकता है। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते द्वारा बताया गया कि रक्तदान एक सुरक्षित और सरल प्रक्रिया है। जिसे 18 से 65 वर्ष की आयु के कम से कम 45-50 किलोग्राम वजन और 12.5 ग्राम हिमोग्लोबिन वालों द्वारा किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

### विश्व एड्स दिवस पखवाड़े का समापन

छपारा। विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत महाकौशल साइंस कॉलेज में बीते दिवस समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. टी.एस. इनवाती, सीएचसी छपारा से ऋषिकेश गढ़वाल, पीएल मुड़िया, प्रिंसिपल जाकिर खान, बघेल मैडम, मानताशा मैडम और साक्षी मैडम की उपस्थिति रही। अतिथियों ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए छात्रों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।समापन अवसर पर कॉलेज परिसर में रंगोली, निबंध और नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित सामाजिक संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। नाटक प्रस्तुतियों में जागरूकता, भेदभाव मिटाने और समय पर उपचार की जरूरत जैसे विषय प्रमुख रहे। वहीं रंगोली और निबंध प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने स्वास्थ्य संवेदनशीलता को केंद्र में रखकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

## दो महीने में स्थाई सब्जी बाजार नहीं बना पाई नगर परिषद

# बुधवार के दिन फिर चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

**विगत दो महीने से नगर परिषद द्वारा बार-बार फुटपाथ पर बैठे सब्जी विक्रेताओं को हटाया जा रहा है,किंतु इन छोटे व्यापारियों के लिए कोई स्थाई व्यवस्था नहीं बना रही हैं। इससे इन छोटे सब्जी व्यापारियों का नुकसान हो रहा हैं।**

### पूर्व नियोजित तैयारी किए बिना ही चल रहा अतिक्रमण हटाओ अभियान





हरिभूमि न्यूज छपारा।

ज्ञात हो कि बुधवार 10 दिसंबर को एक बार फिर परिषद के अमले द्वारा नगर के शंकर मढिया से बस स्टैंड तक सड़क किनारे लगाई जा रही सब्जी, मसाला, मनिहारी और रेडीमेड कपड़े की रेहड़ी पटरी वालों को हटाया गया। ज्ञात हो कि पिछले डेढ़ महीने से नगर परिषद छपारा द्वारा संचालित अतिक्रमण अभियान से जहां रेहड़ी पटरी वाले और नगर परिषद छपारा आमने-सामने हैं ।

वहीं दूसरी ओर नगर परिषद द्वारा नगर के बैनगंगा नदी जाने वाले मार्ग पर सब्जी बाजार शिफ्ट करने की योजना खटाई में पड़ती दिख रही है दरअसल नगर के सभी रेहड़ी पटरी सब्जी विक्रेताओं द्वारा उक्त स्थान पर व्यवस्थित सब्जी बाजार बनाने की मांग की जा रही हैं, जिससे सभी सब्जी विक्रेताओं को एक साथ सब्जी दुकानों वहां लगाने की पर व्यवस्थित बाजार बन जायेगा, वहीं फुटपाथ पर बैठे सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि कुछ सब्जी विक्रेताओं की बस स्टैंड से शंकर मढिया के बीच शटर में दुकान लग रही है और वह वहां से दूसरी जगह शिफ्ट नहीं होना चाहते हैं जिसे लेकर नगर परिषद छपारा अध्यक्ष निशा पटेल और प्रभारी सीएमओ गीता बाल्मिक इसको लेकर कोई स्थाई हल नहीं निकाल पा रही हैं, बस आए दिन अपने परिषद के दल के साथ पटरी पर बैठे छोटे सब्जी व्यापारियों पर चलानी कार्यवाही कर हांकते रहते है। वहीं दूसरी ओर रेहड़ी पटरी सब्जी व्यापारी भी अपनी हठधर्मिता दिखा रहे हैं जिससे उन पर यह चलानी कार्यवाही का दंश भोग रहे हैं यदि स्थाई सब्जी बाजार बनाकर परिषद दे तो उक्त समस्या का हल निकल सकता हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस विषय पर संज्ञान लेकर समस्या हल करने की मांग की जा रही है। क्योंकि अतिक्रमण विरोधी अभियान से तुरंत में सड़कों से रेहड़ी पटरी पर सब्जी फल विक्रेताओं द्वारा कब्जा हटा लिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर फिर से कुछ दिनों बाद फिर वहीं दुकान लगाने का क्रम जारी है।

# दारू का नशा पुरुषों पर, आक्रोश में महिलाएं

**ग्राम चमारीखुर्द, तहसील व थाना छपारा, जिला सिवनी म.प्र. के निवासी है जो पेशे से मजदूर वर्ग के है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



हमारे ग्राम में विगत कई माह से शासकीय ठेके की शराब दुकान की शराब ग्राम चमारी में लाकर अवैध रूप से विक्रय की जाती है। जो एक मात्र स्थान पर बल्कि 11-12 प्रायवेट दुकानदारों के द्वारा अपनी अन्य किस्म की दुकान में रखकर बेची जाती है। गाँव में असानी से शराब की उपलब्धता के कारण ग्राम के पुरूष वर्ग अधिकाधिक मात्रा में शराब का उपयोग कर रहे है जिससे हमारे घर गृहस्वी व बच्चों के पालन पोषण पर विपरीत असर पड़ रहा है। और हम सभी महिलाओं का जीना दूभर हो गया है।

ग्राम की महिलाओं ने जिन दुकानों में शराब विक्रय की जाती है उनके समक्ष सामूहिक रूप से एकत्रित होकर शराब विक्रय न किये जाने का निवेदन किया था और अवैध शराब के विक्री को गाँव में बंद किये जाने हेतु अपनी शर्तो संबंधित दुकानदारों के समक्ष रखी थी किन्तु संबंधित दुकानदारों के द्वारा शराब माफियाओं को सूचना देकर मौके पर पुलिस बुलवाकर प्रताड़ित किया था और आज भी ग्राम चमारी में अवैध रूप से शराब का विक्रय लगातार रूप से किया जा रहा है।

इतना ही नहीं इन अवैध शराब विक्रेताओं ने शराब माफियाओं से मिलकर पुलिस के माध्यम से भी हम लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज करवा दिया है। जिसकी सूचना थाना छपारा से दिनाँक 03/12/2025 को नोटिस के माध्यम से हमे सूचना प्राप्त हुई है।

हम सभी हस्ताक्षरकर्ता शराब माफियाओं के कहने पर की गई इस अवैध कार्यवाही पर विरोध करते है और इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से आपसे मांग करते है कि ग्राम चमारीखुर्द में अवैध शराब विक्रय को हमेशा के लिये बंद किया जावे तथा हमारे विरूद्ध गलत तरीके से दर्ज आपराधिक मामले को वापस लिया जावे। अन्यथा की दशा में हमें गंभीर उग्र आंदोलन करने हेतु विवश होना पड़ेगा।

# लक्ष्मी ठाकुर ने लघु फिल्म सहज में निभाया छात्रा का किरदार, जिला एवं समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



सिवनी जिला अंतर्गत आने वाले केवलारी विकासखंड के ग्राम नवीन पलारी निवासी अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रेरकवक्ता एवं युवा पत्रकार मनोज ठाकुर की सुपुत्री कु.लक्ष्मी ठाकुर जो कि वर्तमान में कक्षा नवमी में दिल्ली पब्लिक स्कूल नागपुर रोड जबलपुर में अध्यनरत है जिन्होंने संस्कारधानी जबलपुर में निर्मित लघु फिल्म में छात्रा का सफलतापूर्वक किरदार निभाकर परिवार, विद्यालय, क्षेत्र ,संपूर्ण सिवनी जिला किरार समाज ही नहीं वरन संपूर्ण सिवनी जिला एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल नागपुर रोड जबलपुर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। आप सभी ज्ञात होवे कि मनोज ठाकुर एक मध्यमवर्गीय किसान होने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढक़र अपनी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं संगीत के क्षेत्र में उनके मुख कंठ द्वारा गाए गीत के वीडियो भी निरंतर सोशल मीडिया में वायरल होते रहते हैं जिन्हें सोशल मीडिया से जुड़े मित्रो ,दर्शकों द्वारा खूब सराहा जाता है साथ ही सामाजिक,धार्मिक,शासकीय एवं गैर शासकीय संस्थाओं में मनोज ठाकुर को प्रेरकरूपी उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया जाता है जहां मनोज ठाकुर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर उपस्थित जन समुदाय एवं छात्र-छात्राओं को अपने प्रेरकरूपी वक्तव्यों से संबोधित करते हैं।

कु . लक्ष्मी ठाकुर द्वारा लघुफिल्म में निभाए गए किरदार की सफलता पर उनकी माता श्रीमती माया ठाकुर, पिता मनोज ठाकुर, बड़े पापा रामेश्वर ठाकुर,बड़ी मम्मी श्रीमती कविता ठाकुर, दादा श्री द्वारका प्रसाद ठाकुर, दादी श्रीमती सावित्रीबाई के साथ-साथ दिल्ली पब्लिक स्कूल की संचालक पलक अग्रवाल,प्राचार्य राजेश क्षेत्रीय,मैडम सपना सोनी सहित संपूर्ण क्षेत्र वासियों, संपूर्ण सिवनी जिला वासियों एवं संपूर्ण सिवनी जिला किरार समाज एवं प्रदेश किरार समाज ने हर्ष व्यक्त कर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बिटिया लक्ष्मी ठाकुर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## समय के पूर्व स्कूल बंद पाए जाने पर शिक्षकों में हुई कार्रवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक शिक्षा द्वारा 09 दिसम्बर 2025 को किए गए औचक निरीक्षण में शासकीय प्राथमिक शाला सिंगपुर अपरान्ह 04 बजे निर्धारित समय से पूर्व बंद पाई गई। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रधानाध्यापक कोमल प्रसाद अहिरवार, सहायक शिक्षक ख्याल सिंह बघेल, कमलसिंह मर्सकोले तथा प्राथमिक शिक्षक श्रीमती निर्मला बघेल के विरुद्ध तीन दिवस का अवैतनिक की कार्रवाई की गई है। साथ ही सभी शिक्षकों को सात दिवस में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बरघाट के माध्यम से अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्मान समारोह आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सिवनी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। गौरव का विषय कि केवलारी की प्रतिभावान छात्रा सुश्री रिया वैष्णव जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्हें पुरस्कार स्वरूप स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल छात्रा का सम्मान है, बल्कि केवलारी की शिक्षा, प्रतिभा और जागरूकता का भी प्रतीक है। विद्यार्थी परिषद, केवलारी इकाई के सभी कार्यकर्ताओं, अध्यापकगण और अभिभावकों का विशेष धन्यवाद, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल रहा। बिरसा मुंडा जी के विचार हम सभी को समाज व राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते रहें।

# जिला रेडक्रास समिति सिवनी रेडक्रास के स्टेट चेयरमेन श्याम सिंह कुमरे का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



मध्यप्रदेश रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश चेयनमेन श्याम सिंह कुमरे द्वारा भोपाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पदभार ग्रहण करने के बाद सिवनी आगमन पर उनका सम्मान व अभिनंदन मंगलवार को स्थानीय अभिनंदन रेस्टोरेंट बारापत्थर सिवनी में किया गया। इस दौरान जिला रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कार्यकारणी के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल भेट कर आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा भी की। इस दौरान श्याम कुमरे की पत्नि व पुत्री भी उपस्थित रही। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी जिला रेडक्रास सिवनी की प्रबंध कार्यकारणी सदस्यों ने चेयरमेन श्याम सिंह कुमरे का स्वागत करते हुए बधाईयां दी। इस दौरान श्यामसिंह कुमरे ने अपने जीवन के कटु अनुभवों का सभी के बीच सांझा किया। वहीं उपस्थित प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ आगामी दिनों में सीपीआर, प्राथमिक चिकित्सा, रक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने पर विचार विमर्श किया गया जहां अगले माह इन आयोजनों को संपादित कराये जाने के संबंध में सहमति दर्ज की गई।

जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला रेडक्रास की संबंध समिति के पदाधिकारी अरूण राय, संदीप उपाध्याय, नीलेश जैन, सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा, अनूप मिश्रा, विक्रांत दुबे, प्रतीक अवस्थी, गजेन्द्र डहरवाल, बसंत राय, पीएल वर्मा, अभिषेक शुक्ला, आनंद साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक दलों की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य प्रगति पर है। इस दौरान मतदाताओं की मैपिंग, डिजिटाइजेशन, प्रारूप प्रकाशन तथा आगामी दिनों में दावे-आपत्तियों के निराकरण से संबंधित विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से चर्चा की जाएगी। इसी संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में 11 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे कलेक्टर सभाकक्ष सिवनी में बैठक आयोजित की गई है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को बैठक में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक विवाद, यह खतरनाक है-रघुवीर अहरवाल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पिछले दिनों जिले के अरि हॉयर सेकेंडरी स्कूल और जिले के प्राचीन गौरवशाली मिशन हॉयर सेकेंडरी स्कूल में जो धार्मिक विवाद देखने को मिले वे चिंता का विषय हैं। इसके पूर्व भी जिले के कुछ शैक्षणिक संस्थानों में इसी प्रकार के विवाद हुए थे। ये धार्मिक विवाद समाज के लिए खतरनाक हैं।

समाजसेवी रघुवीर अहरवाल ने इतिहास का अध्ययन करते हुए बताया कि जब जब देश में धार्मिक कट्टरता और धार्मिक उन्माद उभरा है देश को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। सम्राट अशोक महान के समय अखंड भारत की जो तस्वीर थी उस पर आज भी प्रत्येक भारतीय को गर्व होता है। सम्राट अशोक ने सभी धर्मों का सम्मान करने का राज्यकीय आदेश दिया था। इसके अनुसार नागरिक अपने धर्म को मानने के लिए स्वतंत्र हैं किन्तु इससे दूसरे धर्म के लोगों की भावना को ठेस नहीं लगना चाहिए। बौद्ध कालीन स्थापित विश्वविद्यालय नालंदा, तक्षशीला, औदंतपुरी, अमरावती सहित करीब 80 हजार विद्यालय समानता, सद्भाव, करुणा और मैत्री के महान शिक्षा केंद्र थे। जिनमें उस समय के सभी धर्मों के आचार्य और विद्यार्थी थे। सभी धर्मों की अच्छी बातों का पाठ्यक्रम में समावेश था। सम्राट अशोक महान के द्वारा स्थापित राष्ट्रीय एकता के आधार करीब दो सौ साल तक लागू रहे तब तक भारत अखंड रहा। उसके पश्चात देश धार्मिक उन्माद का शिकार हुआ जिसने देश को गुलाम बनाया और देश के कई टुकड़े हो गए।

इतिहास के विद्यार्थी रघुवीर अहरवाल ने आगे बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में सभी जाति और धर्म को बराबरी का स्थान मिलना चाहिए। छात्र छात्राओं को जातिगत और धार्मिक विवादों से दूर रखना चाहिए। अच्छा हो की शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक गतिविधियों को बहुत कम स्थान दिया जाए। इनके स्थान पर अधिक से अधिक खेल और सभी जाति धर्म के शहीदों की प्रेरक कहानियों को स्थान दिया जाए।

## ग्राम अतरी में हुआ कृषक संगोष्ठी सह प्रदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सहायक कृषि यंत्री सिवनी द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड बरघाट के अत्रि ग्राम में विगत दिवस नरवाई प्रबंधन पर कृषक संगोष्ठी सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं जैसे- ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना, निजी कस्टम हायरिंग केन्द्र योजना, मिटटी परीक्षण, खाद-बीज आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी ग्राम के एक कृषक गौरीशंकर उइके द्वारा कृषि अभियांत्रिकी से अनुदान पर लिये गये यंत्रों का उत्कृष्ट रूप से संचालन किया जा रहा है। गौरीशंकर उइके द्वारा बरघाट के साथ-साथ संपूर्ण जिले में निशुल्क स्लेशर (चक्रा), हे रैक एवं वेलर से बंडल बना कर खेत साफ किये जा रहे है। जिससे नरवाई जलाने की समस्या समाप्त हो जाती है। टीम भावना से कार्य करते हुए इस सीजन में श्री गौरीशंकर उइके एवं टीम द्वारा हजारों की संख्या में नरवाई के बंडल बनाये जा चुके है। इन बंडलों का उपयोग पशुओं के चारा एवं ईंधन के रूप में किया जाता है। संगोष्ठी के उपरांत यंत्रों का जीवित प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम स्लेशर (चक्रा) चलाकर नरवाई को काटकर खेत में बिखरा दिया जाता है बिखरी हुई नरवाई को हे रैक द्वारा कतार में एकत्रित किया गया। तत्पश्चात उक्त लाईन में बेलर चलाकर बंडल बनाए गये।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में 10 दिसंबर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस का आयोजन विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले के संरक्षण में एवं करियर प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अधिवक्ता शशुभम खवासे एवं डेयरी संचालक श्री जयदीप बघेल के आतिथ्य से प्रारंभ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में शुभम खवासे जिला अधिवक्ता सिवनी ने छात्राओं को संबोधित किया और मानव अधिकार दिवस के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि मानव अधिकार केवल कानून नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं की नींव है।यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है,कि किसी भी व्यक्ति के साथ हो रहे अन्याय, हिंसा ,भेदभाव या अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाएं। मानवाधिकार दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम एक ऐसी दुनिया का निर्माण करें जहां हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करें एवं सम्मान पाये एवं अपने सपनों को पूरा करने की स्वतंत्रता रखें। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में 30 मूलभूत अधिकार एवं स्वतंत्रताए सूचीबद्ध है। यह दिवस हमें बताता है कि उन अधिकारों के लिए हमें पूर्णतया जागरूक और सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि यह दिन इसलिए विशेष है क्योंकि 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सार्वभौमिक मानवाधिकार दिवस की घोषणा' सदैव अपने अधिकारों और कर्तव्य के लिए सजग रहने के लिए की। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार दिवस का संदेश यह है कि हर व्यक्ति चाहे उसकी पृष्ठभूमि कैसी भी हो समान गरिमा, समान अवसर एवं न्याय का हकदार है। हम अपने व्यक्तित्व एवं सामाजिक जीवन में यह प्रतिबद्धता बनाए रखें कि किसी के अधिकारों का हनन ना हो। साथ ही उक्त दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने मानव अधिकारों पर पोस्टर बनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ समिता शर्मा ने किया एवं आभार डॉ अर्पणा अवस्थी द्वारा दिया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अनीता भट्ट, श्रीमती चेतना डहेरिया का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ एवं छात्राओं की सराहनीय भूमिका रही।

# आंख के ईलाज के लिए गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने कलेक्टर से लगाई गुहार

**प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागाधिकारियों को आवेदक की समस्या को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। वहीं जनसुनवाई में दूर दराज से आए आवेदकों की समस्याओं के संबंध में कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा संबंधित विकासखण्डस्तरीय अधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर आवेदक की समस्या को शीघ्र निराकरण कराने के दिशा निर्देश दिए गए।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम भोंगाखेडा निवासी जगदीश सिंह द्वारा गरीबी रेखा में नाम जोड़े जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड नं. 10 निवासी प्रदीप कुमार भालेकर द्वारा पिता की मृत्यु उपरांत उनकी पेंशन राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम चक्कीखमरिया निवासी पितरू चौरिया द्वारा काबिज भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम मैली तहसील सिवनी निवासी सांसो बाई भलावी द्वारा मकान बनाने के लिए सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम हरदुली निवासी सुनरवती परते द्वारा संबंल कार्ड पात्रता के आधार पर परिवार को मिलने वाली सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम मानेगांव निवासी लखनलाल दुबे द्वारा स्वामित्व योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम गंगई तहसील सिवनी निवासी मयंक बघेल द्वारा एनएमएमएस योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी छोटो बघेल द्वारा आंख के ईलाज के लिए गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम कमकासुर निवासी तीरथ प्रसाद श्रीवास द्वारा पीएम आवस योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम रिड्डी निवसी राकेश कुमार डहरवाल द्वारा शासन से मिलने वाली प्रसूति सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, शास्त्री वार्ड सिवनी निवासी संतोष डहेरिया द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम सीलादेही सिवनी निवसी अन्नी बाई यादव द्वारा जंगली सुअरों के द्वारा मक्का का नुकसान की मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम मोहगांव कुरई निवासी गयाप्रसाद कुर्वेती एवं अन्य द्वारा कृषि भूमि में विद्युत कनेक्शन लगाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम धनककडी हीरालाल सेन द्वारा फसल नष्ट होने पर कार्यवाही किये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम बोरिया निवासी अनिता पंद्रे द्वारा समग्र आईडी में नाम जोडे जाने विषयक सहित कुल 146 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## सिवनी के शंकराचार्य चौक में ओडिशा से आए दल ने भक्ति रस बिखेरा

**सिवनी :** शहर के शंकराचार्य चौक पर आयोजित भजन संध्या में ओडिशा से आए नेत्रहीन कलाकारों की टीम ने सुमधुर और संदेशात्मक भजनों से उपस्थित जनमानस को भाव-विभोर कर दिया। पूर्णतः नेत्रहीन होने के बावजूद कलाकारों की सुर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिकता से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने समाज से अपील करते हुए कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि असहाय, जरूरतमंद और दिव्यांग लोगों की सहायता के लिए सदैव आगे आएं।

नवरंगपुर के नेत्रहीन विद्यालय के लिए जुटा सहयोग

भजन संध्या का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि नवरंगपुर (ओडिशा) स्थित नेत्रहीन एवं मूक-बधिर बच्चों के विद्यालय के लिए सहयोग राशि एकत्र करना भी था। टीम के सदस्यों ने बताया कि यह धन उन बच्चों की शिक्षा और देखभाल में उपयोग किया जाएगा।

लोगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढक़र दान दिया, जिससे बच्चों की पढ़ाई और भविष्य संवारे जाने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के आयोजकों ने कहा कि नेत्रहीन कलाकारों का जज़्बा वाकई प्रेरणादायक है वे न सिर्फ अपनी कला से भक्ति भावना जगाते हैं, बल्कि दूसरों के जीवन में उम्मीद की किरण भी प्रज्वलित करते हैं।

# अवैध रूप से सागौन लट्ठे का परिवहन करते हुए उड़नदस्ता दल द्वारा पिकअप वाहन की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मुख्य वन संरक्षक बालाघाट गौरव चौधरी के निर्देशन में उड़नदस्ता दल प्रभारी अजय चौरे के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता दल बालाघाट द्वारा ग्राम जागपुर में सागौन लट्ठे का अवैध परिवहन करते हुए 01 पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। इस वाहन में 01 लाख रुपए मूल्य के सागौन लट्ठे को परिवहन किया जा रहा था। जिस पर पिकअप वाहन नम्बर एमपी-09-जीएफ-3067 को सागौन लट्ठे सहित जब्त कर लिया गया है।

09 दिसम्बर को उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट को मुखबीर द्वारा बालाघाट (सा.) परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धापेवाड़ा से जागपुर अवैध रूप से सागौन लट्ठे पिकअप वाहन से परिवहन किये जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर 2025 की मध्यरात्रि में लगभग 4:30 बजे घेरा बंदी कर समनापुर से धापेवाड़ा मार्ग पर पिकअप वाहन का पीछा किया गया, जिसे ग्राम जागपुर में जाकर पकड़ा गया। मौके से आरोपी वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गया। वाहन में अवैध रूप से 03 सागौन लट्ठे भरे हुये थे। पकडे गये आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा मौके पर पंचनामा एवं जप्ती की कार्यवाही की गई, जिसकी सूचना परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट (सा.) को दी गई एवं प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु बीटगार्ड आगरवाड़ा के सुपुर्द में दिया गया। इस प्रकरण में आरोपी श्रीकांत वल्द सुकलाल दमाहे के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण मध्यप्रदेश वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा के अन्तर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर न्यायालयीन कार्यवाही की जा रही है।

# बालाघाट जनपद में आयोजित शिविर में 200 वृद्धजनों एवं 84 दिव्यांगजन सहायक उपकरण के लिए चिन्हित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में कलेक्टर श्री मणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ सर के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों एवं वृध्दजनों को शत प्रतिशत लांभावित किये जाने हेतु एलिम्को के सहयोग से लगातार पहचान/मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को जनपद पंचायत बालाघाट के प्रागंण में दिव्यांगजनों एवं वृध्दजनों सहायक उपकरण पहचान/मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में कुल 226 वृध्दजन तथा 128 दिव्यांगजन उपस्थित हुये, जिसमें से कुल 200 वृद्धजनों एवं 84 दिव्यांगजन पात्र पाया जाकर चिन्हांकित किये गये। शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जैसे- मोटराईज ट्रायसाईकल, व्हेल चेयर, स्मार्ट केन ईत्यादि उपकरण हेतु चिन्हांकित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री धनंजयसिंह भदौरिया, संभागीय आयुक्त महोदय जबलपुर, श्री अभिषेक सराफ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालाघाट, श्री गोपाल सोनी, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालाघाट द्वारा पहचान/मूल्यांकन शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा एलिम्को टीम जबलपुर, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र बालाघाट की टीम एवं उपस्थित दिव्यांगजनों एवं वृध्दजनों से चर्चा की गयी।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना:राज्य में डेयरी उद्यमिता को नया आयाम

**बालाघाट।** दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की लगातार बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तहत मुख्यमंत्री उद्यमिता विकास कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में संगठित डेयरी उद्योग को बढ़ावा देना और पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाऍ द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी। हर इकाई में या तो समस्त गौवंश या समस्त भैसवंश के पशु रखे जा सकेंगे, और सभी पशु एक ही प्रजाति के होने अनिवार्य होंगे। इकाई की अधिकतम लागत रु. 42 लाख निर्धारित की गई है। योजना के लिए चयन में उन्हीं पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो वर्तमान में दुग्ध संघों को दूध प्रदाय कर रहे हैं, या जिनकी इकाइयाँ प्रचलित अथवा नई मिल्क रूट पर स्थित हैं।

## खनिज विभाग की टीम ने की धपेरा में छापामार कार्यवाही

# रेत का खनन एवं परिवहन रोकने धपेरा में जेसीबी मशीन से कराया गया गड्ढा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहॉ ने बताया कि ग्राम धपेरा तहसील लालबर्रा बैनगगा नदी की खनिज रेत अवैध खनन की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 6 दिसम्बर को नदी जाने वाले मार्ग पर गड्ढा कराया गया था। आज 10 दिसम्बर को पुनः नदी जाने वाली रास्ते में जेसीबी मशीन से गड्ढा कराया गया है, जिससे वाहन ट्रेक्टर ट्रॉली से रेत के अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाया जा सके।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में खनिज अमले द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम हेतु दिनांक 01 से 10 दिसम्बर तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण, अवैध भंडारण के 03 प्रकरण तथा अवैध परिवहन के 03 प्रकरण इस प्रकार कुल 16 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये जिनमें संलिप्त 07 वाहन ट्रेक्टर तथा 01 वाहन जे.सी.बी. जप्त किया गया है। उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## किसानों को 09.21 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान

# 17 हजार 594 किसानों से 187.27 करोड़ रुपए की, 7 लाख 90 हजार 506 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 10 दिसम्बर की शाम तक जिले के 72 हजार 769 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की गई है, इनमें से 17 हजार 594 किसानों से 07 लाख 90 हजार 506 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 187 करोड़ 27 लाख 08 हजार 714 रुपए का भुगतान किया जाना है। किसानों से खरीदे गए 06 लाख 44 हजार 905 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। अब तक किसानों को 09 करोड़ 21 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।



जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी खरीदी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। किसानों से अपील की गई कि वे अपनी धान को अच्छी तरह से साफ कर एवं सुखाकर ही विक्रय के लिए लाए। खरीदी केंद्रो पर शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू गुणवत्ता की धान ही खरीदी जाएगी। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 01 लाख 30 हजार 37 किसानों द्वारा अपना पंजीयन किया गया है।

# पोषण प्रबंधन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बालाघाट।** 10 दिसम्बर को जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री धनंजय सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण प्रबंधन कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रो के बच्चों के पोषण स्तर, मातृ शिशु मृत्यु दर कम करने एवं पोषण पुनर्वास केंद्रो की सेवाओ की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत के सीईओ श्री अभिषेक सराफ, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाऍ डॉ. संजय मिश्रा, संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास उषा सिंह सोलंकी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम एवं बीपीएम उपस्थित थे।

कमिश्नर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रो में जनसंख्या के अनुपात में शून्य से 06 वर्ष तक के बच्चों का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। आंगनवाड़ी केंद्रो में दर्ज बच्चों के पोषण स्तर पर सतत निगरानी रखी जाए। सेम (एसएएम) एवं मेम (एमएएम) श्रेणी के बच्चों के पोषण स्तर पर नियमित रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए। कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रो में भर्ती कर उनका उपचार कराया जाए और उन्हें कुपोषण की श्रेणी से बाहर निकालने का कारगर प्रयास किया जाए।

कमिश्नर श्री सिंह ने बैठक में निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्रो के माध्यम से प्रदाय किये जा रहे पोषण आहार की पोषण ट्रेकर एप्प के साथ ही रजिस्टर में भी एंट्री की जाए। आंगनवाड़ी सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारी नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रो का भ्रमण करे और बच्चों के वजन लेने के दौरान मौजूद रहें। आंगनवाड़ी केंद्रो के निरीक्षण के रजिस्टर में अनिवार्य रूप से एंट्री होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शत प्रतिशत गर्भवती माताओं का एएनसी पंजीयन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। हाईरिस्क वाली गर्भवती माताओं को चिन्हित कर उनका सुरक्षित प्रसव कराने के लिए आवश्यक प्रबंधन अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिला चिकित्सालय की नवजात शिशुओ के उपचार की एसएनसीयू की सेवाऍ व्यवस्थित एवं बेहतर बनायी रखी जाए।

कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र इस तरह से कार्य करे कि कुपोषण एवं मातृ शिशु मृत्यु दर के समीक्षा सूचकांक पर जिला सदैव अच्छे स्थान पर रहना चाहिए। यह कठिन एवं चुनौती पूर्ण कार्य है लेकिन इसे सभी को परिश्रम के साथ पूरा करना होगा। यही शासन की मंशा है। जो कोई भी इसमें लापरवाही करता है तो उसे नोटिस जारी करे और उसके विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव भेजे। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

# कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत पीएमश्री स्कूल भानेगांव का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग का आदेशानुसार दिनांक 10 दिसंबर 2025 के अनुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनिता जैन एवं डॉ. पलल्वी रिनाहिते नोडल अधिकारी कॉलेज चलो अभियान के मार्गदर्शन में किरनापुर विकासखंड के सम्पूर्ण उच्चतर माध्यमिक शालाओं का भ्रमण किया जाना है इस हेतु महाविद्यालय द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है इसी तारतम्य में 10 दिसंबर 2025 को पीएमश्री स्कूल भानेगांव का भ्रमण किया गया जिसमे विद्यार्थियों को रोचकपूर्ण तरीके से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से शासकीय महाविद्यालयों में संचालित शासकीय योजनाओं और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया साथ ही इसके लिए प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रख पुरुस्कृत किया गया । जिसमें महाविद्यालय से प्राचार्य डॉ. सुनिता जैन, डॉ. तीरथ सिन्हा एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री चंदभूषण चौहान और शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी 211 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कॉलेज चलो अभियान में भाग लिया एवं कॉलेज भ्रमण के लिए प्राचार्य से निवेदन किया।

# कमिश्नर श्री सिंह ने अधिकारियों की बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री धनंजय सिंह ने 10 दिसम्बर को बालाघाट प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विकास कार्यो की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, कृषि, पशुपालन, मत्स्योद्योग, सहकारिता, उद्यान, डेयरी के संभागीय अधिकारी एवं अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



कमिश्नर श्री सिंह ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एपीसी की बैठक में जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। शासन की योजनाओ का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और सभी पात्र लोगो तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिससे आमजन के जीवन स्तर में सुधार हो। शासन की योजनाऍ केवल कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर दिखना चाहिए। जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करते रहे और अपने विभागीय कार्यो की निगरानी करें।

बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि गुणवत्ताहीन कीटनाशक एवं बीजों के विक्रय पर सख्ती से रोक लगाए। अमानक दवाऍ एवं बीज का वितरण करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही उनके लायसेंस भी निरस्त किये जाए। पराली प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाए और किसानों को खाद बीज की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर बनाकर कार्य किये जाए। उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिले की जलवायु के अनुरूप सब्जियों, फलों एवं फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान सहायक संचालक उद्यान का कार्य संतोषजनक नही पाए जाने पर उनकी एक वेतन वृद्धि रोके जाने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये गए।

कमिश्नर श्री सिंह ने बालाघाट जिले में पशुओ की अधिक संख्या को देखते हुए जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये। इसके लिए उन्होंने पशुपालन विभाग की कामधेनु योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पशुपालको को दुधारू पशु उपलब्ध कराने और नए मिल्क रूट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि वर्तमान में जिले में 8360 लीटर दुध का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। जिले में 02 नए मिल्क रूट तैयार किये गए है और बैहर में 11 दिसम्बर से चिलिंग प्लांट शुरू किया जा रहा है। मत्स्यपालन में अधिक उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए उन्होंने जिले में केजकल्चर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर श्री सिंह ने स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियो को निर्देशित किया कि डीएलसीसी की बैठक में योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति के लिए बैंक अधिकारियों से समन्वय कर शत प्रतिशत ऋण वितरण सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिविर लगाकर युवाओं को ऋण वितरण किया जाए। इन्वेस्टर्स मीट में किये गए अनुबंध के अनुसार ईकाईयों की शीघ्र स्थापना की जाए।

# सर्दियों में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, विशेषज्ञ डॉक्टर ने बचाव और सावधानी बरतने की सलाह दी

### डॉ. निखिल डोंगरे, कंसल्टेंट- न्यूरोसाइंसेज, न्यूरोलॉजी, मैक्स* सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सर्दियों का मौसम न्यूरोलॉजिकल (दिमाग और नसों) से जुड़ी बीमारियों वाले लोगों पर काफी असर डाल सकता है, हालांकि ठंड का मौसम अपने आप ये बीमारियाँ पैदा नहीं करती। लेकिन कम तापमान, कम धूप और बढ़ते श्वसन संबंधी संक्रमण लक्षणों को बढ़ा सकते हैं, बीमारी अचानक बढ़ सकती है और दिमाग और नसों की (न्यूरोलॉजिकल) समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। डॉ. निखिल डोंगरे, कंसल्टेंट- न्यूरोसाइंसेज, न्यूरोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया की, सर्दियों में खासतौर पर बुजुर्गों और पहले से किसी बीमारी से ग्रस्त लोगों में न्यूरोलॉजिकल सिस्टम के लिए जोखिम बढ़ जाती हैं। इन खतरों को समझकर लोग अपनी न्यूरोलॉजिकल सेहत की सुरक्षा के लिए उपाय कर सकते हैं। सर्दियों में प्रभावित होने वाले न्यूरोलॉजिकल समस्याएंःठंड के महीनों में कई न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ और बढ़ सकती हैं, जिनमें निम्नलिखित समस्याएं शामिल हैंःस्ट्रोक : ठंड के मौसम में रक्त वाहिकाएँ सिकुड़ती हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, जिससे स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में होने वाले श्वसन संक्रमण से भी ब्लड क्लॉट जम सकते हैं।माइग्रेन और सिरदर्दः मौसम में बदलाव, ठंडी हवाएँ, और घर में हीटिंग अक्सर सिरदर्द को बढ़ा सकते हैं।मल्टिपल स्क्लेरोसिस (MS) फ्लेयरः विटामिन D की कमी और संक्रमण की अधिकता MS के लक्षणों को बढ़ा सकते हैं।सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डरः दिन की रोशनी कम होने से शरीर की जैविक घड़ी प्रभावित होती है और मनोदशा और सोचने-समझने की क्षमता पर असर पड़ता है।न्यूरोपैथिक दर्दः डायबिटीज से जुड़े नसों की बीमारिया या नसों की चोट वाले लोगों को अक्सर ठंडे तापमान में हाथ-पैरों में खून का बहाव कम होने की वजह से ज़्यादा दर्द होता है। सर्दियों में होने वाले इन्फेक्शनः फ्लू, आरएसवी और अन्य वायरल संक्रमण कभी-कभी गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ भी पैदा कर सकती हैं।सर्दियों में न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैंःशरीर को गर्म रखने के लिए कई लेयर वाले कपड़े पहनें और सर्दियों के अनुसार उचित कपड़े इस्तेमाल करें। घर की हवा में नमी बनाएँ और घर के अंदर वेंटिलेशन सही रखें।वैक्सीनेशन समय पर लें और स्वच्छता का ध्यान रखें।हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी पुरानी बीमारियों पर नज़र रखें।मूड को ठीक रखने के लिए पर्याप्त धूप लें या लाइट थेरेपी के बारे में सोचें।घर में व्यायाम और शारीरिक गतिविधियाँ करें।सामाजिक संबंध बनाए रखें और ज़रूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य के लिए मदद लें ।सर्दियों में गर्म रहना, एक्टिव रहना और इन्फेक्शन से बचाव करना जैसे छोटे बदलाव भी स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाल सकते हैं।



## जनपद क्षेत्र लांजी के चिचोली और मिरिया केंद्र के प्रभारी परेशान

# धान खरीदी केंद्रों में हाहाकार, मजदूरों की कमी से खरीद प्रक्रिया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में 1 दिसंबर 2025 से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ की जा चुकी हैए और धान खरीदी करने वाली समितियों द्वारा लगातार खरीदी की जा रही है। धान खरीदी केंद्रों में मजदूरों की कमी से खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। चिचोली और मिरिया केंद्रों में लगभग 14 हजार बोरी धान भरा जा चुका है, लेकिन मजदूरों के अचानक काम छोड़कर चले जाने से केंद्र प्रभारी परेशान हैं। केंद्र प्रभारियों ने शाखा प्रबंधक और एसडीएम को समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। इसके अलावा, बारदाने की कमी और फटे हुए बारदाने की समस्या भी खरीदी प्रभारियों के लिए चुनौती बन गई है। मध्यप्रदेश सरकार ने इस साल धान की रिकॉर्ड खरीद का लक्ष्य रखा है, लेकिन मजदूरों और बारदाने की कमी से यह लक्ष्य खतरे में पड़ता दिख रहा है। वहीं समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की बोरी सिलने वाले मजदूरों के नहीं होने से खरीदी केंद्र चिचोली और मिरिया में खरीदी प्रभारी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में खरीदी प्रभारियों द्वारा शाखा प्रबंधक एवं एसडीएम को भी समस्या से अवगत कराया गया है। इसके साथ ही समय पर बारदाने नहीं मिलने और बारदाने मिलने पर उनके ज्यादातर फटे होने के कारण खरीदी प्रभारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। केंद्र में पहुंचे किसान भी बारदाने नहीं मिलने से खरीदी प्रभारियों पर ही अपना गुस्सा जाहिर करते है जिसके कारण खरीदी प्रभारी मानसिक रूप से परेशान देखे जा रहे है। दोनो ही धान खरीदी केंद्रो में लगभग 14 हजार बोरियों में धान भरा जा चुका है परंतु उन्हें सिलने वाले मजदूरों के अचानक कार्य छोड़कर चले जाने से केंद्रो में अफरा तफरी का माहौल है।

### इनका कहना है

आज क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। जिसमे चिचोली और मिरिया के खरीदी प्रभारियों द्वारा इस संबंध में मुझे अवगत कराया गया था। जिसको ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा शाखा प्रबंधको से इस समस्या के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये है जिससे कोई भी किसान खरीदी केंद्रो में आकर परेशान न हो।

**कमलचंद सिंहसार, एसडीएम लांजी**